प्रगति और प्रदर्शन का आकलन: माध्यमिक अंग्रेज़ी

हिन्दी (अंग्रेज़ी के साथ)
शिक्षक: Hello, students. **विद्यार्थी:** Hello, sir. **शिक्षक:** Good afternoon. **विद्यार्थी:** Good afternoon, sir. कमेंट्री: इस माध्यमिक शाला में अंग्रेज़ी के शिक्षक, अपनी ज़्यादा विद्यार्थियों वाली कक्षा में, अनौपचारिक आकलन के विभिन्न प्रकारों का प्रयोग कर रहे हैं। **शिक्षक:** Today, we are going to know 'structure of sentences'. Sentence का ढाँचा भी हम लोग समझेंगे। And direct and indirect objects. OK? Understand? **विद्यार्थी:** Yes, sir. कमेंट्री: विद्यार्थियों को पाठ समझ में आया या नहीं, यह जानने के लिए शिक्षक - पाठ के अंत में - विद्यार्थियों से नामरहित फीडबैक लेने की योजना बनाते हैं। **शिक्षक:** हमें क्या-क्या समझ में आ गया? तीसरा क्या लिखेंगे? पूरी तरह से समझ नहीं पाए। बिना नाम लिखे, जब आपका ये class खत्म हो जाएगा, तो इस डिब्बे में डालेंगे। ये तुम्हारी परीक्षा ही नहीं है, बल्कि क्या है? हमारी भी परीक्षा है, कि हम समझा पा रहे हैं, आप समझ पा रहे हैं, या नहीं? कमेंट्री: पाठ में शिक्षक ने विद्यार्थियों को, सही और गलत के चिन्ह वाले cards बनाने के लिए कहा है। वह चाहते हैं कि विद्यार्थी - अगर सोचते हैं कि उत्तर सही है - तो सही का निशान - और अगर सोचते

हैं कि उत्तर गलत है - तो गलत का निशान - ऊपर पकड़ कर दिखायें।

इस तरह, कक्षा में चारों तरफ देखकर वह जल्दी से उनकी समझ की जाँच कर सकते हैं। अगर सभी विद्यार्थी cards देख सकते हैं, तो वे अपने उत्तर की तुलना अपने साथियों के उत्तरों के साथ कर सकते हैं।

शिक्षक: Going to answer?

विद्यार्थी १: 'Mohan' is the subject. Verb... 'drives'. 'A car' - object.

शिक्षक: Right! Mostly... students... showing card 'right'!

विद्यार्थी २: Sir, subject... 'my father'.

शिक्षक: My father.

विद्यार्थी २: Verb है... 'sold to', sir, 'his car' object है।

शिक्षक: Is she right or wrong?

कमेंट्री:

आगे, विद्यार्थी अंग्रेज़ी में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर्म पर एक गतिविधि करते हैं। उन्हें समूहों में बाँटा गया है, और उन शब्दों वाले cards दिए गए हैं, जिन्हें उनको वाक्यों में इस्तेमाल करना है। ध्यान दीजिए, अंग्रेज़ी के उपयोग को प्रोत्साहन देने के लिए, शिक्षक, कैसे हिंदी का इस्तेमाल करते हैं, और विद्यार्थियों की समझ व भागीदारी की जाँच करने के लिए, कैसे उनकी निगरानी करते हैं।

शिक्षक: एक लड़का लिखेगा। दो लोग जो हैं, यदि गलत है, तो उसे सही करेंगे।

विद्यार्थी: नहीं... एक side… एक side.

विद्यार्थी ३: 'Sam' - subject, 'draws' - verb, 'a picture' is object.

'Sita' - subject, 'bought me' - verb, 'a dress' - object.

शिक्षक: पहले जो हमने questions दिए थे, इसका answer आप लिखिए।

कमेंट्री:

अब समय है कि विद्यार्थी अपना - नामरहित फीडबैक दें। विद्यार्थी जो बताएँगे, उसका उपयोग,

शिक्षक अंग्रेज़ी के अपने आगे के पाठों की योजना बनाने के लिए करेंगे।

शिक्षक: लिखा तो, answer तो लिखिए।

Drop into this box, and go silently, one by one.

शिक्षक साक्षात्कार:

Structure of sentence, और direct - indirect, ये मैं मानता हूँ, कि इसको जो है, लगभग पचहत्तर percent assessment से मुझे लगता है कि सत्तर-पचहत्तर percent बच्चों ने इसको समझ लिया है।

विद्यार्थी ४ साक्षात्कार:

Sir ने पर्चे लिखवाए हैं। यह अच्छा तरीका था। इससे पता चल जाएगा कि, कितने बच्चों को समझ में आया है और कितनों को नहीं। जैसे पर्चियों में लिखा होगा अधिकतर बच्चों ने, जिन्हें समझ में आया होगा उन्होंने जरूर लिखा होगा, और जिन्हें नहीं समझ में आया होगा, उन्होंने नहीं लिखा होगा।

शिक्षक साक्षात्कार:

लगभग वैसा ही है, थोड़ासा, जो हम expect कर रहे थे कि, direct और indirect object जो बताएँगे, वो पूरे बच्चे समझ जाएँगे; वैसे अधिकांश लोग समझ गए हैं; लेकिन जो बीस-पच्चीस percent की, जो शिकायत कि, 'हम समझ नहीं पाए हैं', तो उन्होंने विशेष रूप से indicate किया है - direct और indirect object को समझने में उनको problem आई है।

इसमें हम, पहले तो, हम ये देखेंगे कि, जो चीज़ नहीं समझ में आया है, उसको थोड़ासा हम अपने teaching थोड़ा और modify करके, समझाने का और तरीका अपनाएँगे। और साथ में, जो आगे next lesson आएँगे, उनमें भी हम, assessment इसी तरह का रखेंगे।

कमेंट्री:

शिक्षक ने आकलन के कई ऐसे तरीके इस्तेमाल किए हैं, जो विद्यार्थियों को शर्मिंदगी या संकोच नहीं महसूस करवाते। अपने पाठ में - विद्यार्थियों को अपने सीखने का मूल्यांकन, खुद करने के लिए प्रोत्साहन देने हेतु - आप इस तरह के विचारों का कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं?